हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 स्वामी विवेकानंद के विचार हमें दिखाते समाधान का मार्ग



10 श्री सिद्ध महामृत्युंजय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र में होगा देश...



## खबर संक्षेप

### 7.68 ग्राम हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने पीरावाली गांव निवासी एक व्यक्ति को काबू करके 7.68 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव पीरावाली से संदिग्ध को काबू किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान गांव के ही मंगत सिंह उर्फ मंगू के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पॉलिथीन में 7.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन कब्जे में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उस पर सदर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है।

### 792 ग्राम अफीम के मामले में सप्लायर काबू

**बरवाला।** पुलिस ने थाना उकलाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले में अफीम सप्लायर राजस्थान के नोहाल निवासी अशरफ अली पठान को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी अशरफ अली पठान ने 792 ग्राम अफीम सोनू कुमार और मेवा सिंह को 96 हजार रुपये की उधारी पर बेची थी। मामले के अनुसार हिसार पुलिस की एबीवीटी टीम ने 8 सितंबर को गांव चमारखेड़ा निवासी सोनू कुमार को स्कॉर्पियो गाड़ी सहित गिरफ्तार कर उसके कब्जे 792 ग्राम अफीम बरामद की थी।

### शस्त्र अधिनियम के तहत दो युवक किए काबू

**उकलाना मंडी।** सीआईए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उकलाना अनाज मंडी गेट से एक युवक को काबू करके उससे 9 एमएम का अवैध पिस्तोल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि कि गश्त के दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने उकलाना अनाज मंडी गेट से एक युवक को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान सुरेवाला निवासी हरमीत उर्फ हकीम के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 9एमएम की अवैध पिस्तोल व उसकी मैगजीन से दो कारतूस मिले। पुलिस ने बरामद पिस्तोल कब्जे में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### 34 बोतल अवैध शराब के साथ एक काबू

**नारनौंद।** पुलिस चौकी मिर्चपुर ने 34 बोतल अवैध देशी शराब सहित एक युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपित युवक की पहचान राजबीर निवासी कोथ कलां के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी एसआई धोलु राम ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को गांव कोथ कलां से कुछ लेकर आ रहा था। शक के आधार पर रोक कर उससे पूछताछ की गई तो उसके पास से 34 बोतल अवैध देशी शराब की बरामद हुई। आरोपित युवक की पहचान राजबीर उर्फ चमकीला के रूप में हुई।

## 1957 रुपये किराया निर्धारित, 1 घंटा 5 मिनट लगेगा समय

# हिसार से जयपुर के लिए हवाई सेवा आज से, सीएम सैनी करेंगे शुभारंभ

### मुख्यमंत्री हरियाणा निवास चंडीगढ़ से सायं साढ़े पांच बजे वर्चुअल माध्यम से विमान को दिखाएंगे हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार से जयपुर के लिए बहुप्रतीक्षित हवाई सेवा शुक्रवार से शुरू होगी। शाम 5.35 बजे चलने वाली हवाई जहाज को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

■ कार्यक्रम को लेकर एडीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एडीसी सी. जयाश्रद्धा सहित अन्य अधिकारी एयरपोर्ट पहुंचे और आवश्यक निर्देश दिए। हिसार से जयपुर के लिए हवाई सेवा शुरू होने की काफी दिनों से प्रतीक्षा थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को हरियाणा निवास चंडीगढ़ से सांय साढ़े पांच बजे वर्चुअल माध्यम से विमान को हरी झंडी दिखाएंगे।

महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट परिसर में कार्यक्रम को लेकर ऑनलाइन व्यवस्थाएं की जा रही है। गुरुवार को एडीसी सी. जयाश्रद्घा ने अतिरिक्त जिला नगरायुक्त के साथ एयरपोर्ट परिसर का दौरा कर कार्यक्रम के लिए तैयारियों की समीक्षा की। एडीसी ने बताया कि हिसार से जयपुर रूट पर हवाई सेवा का समय शाम 5 बजकर 35 मिनट तय किया गया है। हिसार से जयपुर फ्लाइट के लिए 1957 रुपये का किराया रखा गया है। फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने में 1 घंटा 5 मिनट का समय लगेगा।



हिसार। महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर तैयारियों की समीक्षा करती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा।

### राजस्थान और हरियाणा के यात्रियों को होगा फायदा



जयपुर फ्लाइट से राजस्थान और हरियाणा के यात्रियों को फायदा होगा। खासकर जयपुर से अयोध्या जाने वालों को भी सहूलियत मिलेगी। रोड से जयपुर पहुंचने में जहां पांच घंटे लगते थे, वहीं फ्लाइट से करीब चार घंटे की बचत होगी। हिसार से चंडीगढ़ जाने वाली फ्लाइट का समय भी बदला गया है। हिसार से चंडीगढ़ फ्लाइट अब हर सोमवार और बुधवार सुबह 10 बजे जाएगी जो 11 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। इसके अलावा वापसी में यह फ्लाइट सुबह 8 बजे चंडीगढ़ से उड़ेगी और सुबह 9:40 बजे हिसार पहुंचेगी। पहले हिसार से चंडीगढ़ फ्लाइट सोमवार और शुक्रवार उड़ान भरती थी। यह दोपहर 3:20 बजे हिसार से उड़ती थी और 4:30 बजे चंडीगढ़ पहुंचती थी। इसी तरह वापसी में यह फ्लाइट शाम 4:55 बजे उड़ती थी और 5:55 बजे हिसार पहुंचती थी। हिसार से जयपुर की सड़क मार्ग से दूरी करीब 350 किमी है। हिसार से जयपुर जाने में रोड से साढ़े पांच घंटे का समय लगता है वहीं ट्रेन से यह सफर और लंबा हो जाता है। ऐसे में हवाई यात्रा शुरू होने से सवा से डेढ़ घंटे में ही जयपुर का सफर पूरा हो सकेगा।

### डीजीसीए ने तीन दिन पहले दी थी मंजूरी

बता दें कि तीन दिन पहले ही डीजीसीए ने हिसार एयरपोर्ट से फ्लाइट की मंजूरी दी थी। उसी दिन से टिकटों की बिक्री भी शुरू हो गई थी। डीजीसीए की ओर से जारी शैडयूल के अनुसार हिसार व जयपुर के बीच हवाई सेवा 12 सितंबर से शुरू होगी और हर शुक्रवार को यह सेवा रहेगी। शैड्यूल के अनुसार 12 सितंबर को सुबह 11:10 बजे जयपुर से उड़ान भरकर 12:10 बजे हवाई जहाज हिसार पहुंचेगा और यहां से शाम 5:35 बजे उड़ान भरकर 6:40 बजे जयपुर पहुंचेगा। इससे पहले हिसार से दिल्ली, अयोध्या और चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट शुरू हो चुकी हैं।

# कुकर्म व एससीएसटी एक्ट के तहत दर्ज केस में एचसीएस अधिकारी बरी

■ शिकायतकर्ता के गवाही से मुकरने के बाद अदालत ने दिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने हांसी में एसडीएम रहे एचसीएस अधिकारी कुलभूषण बंसल को कुकर्म व एससीएसटी एक्ट के तहत दर्ज केस में बरी कर दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा अपनी गवाही से मुकरने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। शिकायतकर्ता को होस्टाइल भी घोषित किया गया था।

अदालत में चले मामले के अनुसार पीड़ति व्यक्ति की एक शिकायत डाक के माध्यम से मिली थी, जिसकी उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) ने जांच की। जांच के दौरान पीड़ति व्यक्ति से संपर्क किया और उसको हिसार बुलाकर बयान दर्ज किए गए। डीएसपी ने अपनी जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा की और फिर नवंबर 2024 को पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर एचसीएस कुलभूषण बंसल के खिलाफ कुकर्म, जान से मारने की धमकी व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर किया गया। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ति व्यक्ति ने बताया था कि वह वर्ष 2020 से मसाज का काम कर रहा है।

अधिकारी उसको 200 रुपये के हिसाब से मसाज के लिए बुलाता था। इसके बाद अधिकारी ने उसको ठेकेदार के माध्यम से स्वीपर के पद पर नौकरी दिलवाई और घटना के समय वह पब्लिक हेल्थ विभाग में कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत था।

### यह था मामला

करीब 6 महीने पहले अधिकारी ने उसको मसाज के लिए बुलाया। पहले उसने मसाज करवाई और बाद में उसने प्राइवेट पार्ट पर भी मसाज के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इसके बाद उसने पिस्तोल निकालकर जान से मारने की धमकी दी और साथ ही नौकरी से निकालने की भी धमकी दी। इसके बाद मजबूरन उसको अप्राकृतिक सेक्स करना पड़ा। पीड़ति ने बताया था कि अधिकारी की इन हरकतों से वह काफी परेशान हो चुका था। अदालत में गवाही के दौरान उपरोक्त सभी आरोपों को शिकायतकर्ता ने नकार दिया था, इसके बाद अदालत ने आरोपी को बरी कर दिया।

## दस रुपये का सिक्का वैध मुद्रा दुकानदार लेने से नहीं कर सकते इनकार : एसडीएम

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि दस रुपये का सिक्का भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किया गया वैध चलन है। इसे लेकर आमजन में किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। किसी भी दुकानदार, व्यापारी या संस्था द्वारा 10 रूपए के सिक्के लेने से इंकार करना कानूनन गलत है। एसडीएम ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार स्पष्ट किया है कि 10 रुपये के सिक्के पूरी तरह वैध मुद्रा हैं और हर प्रकार के लेन-देन में स्वीकार किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जिनमें कुछ दुकानदार 10 रूपए के सिक्के लेने से मना करते हैं। इस तरह का व्यवहार उपभोक्ताओं को असुविधा देने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई दुकानदार या व्यापारी दस रुपये का सिक्का लेने से मना करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस संदर्भ में संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

■ एसडीएम ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बार-बार स्पष्ट किया है कि 10 रुपये के सिक्के पूरी तरह वैध मुद्रा हैं और हर प्रकार के लेन-देन में स्वीकार किए जाने चाहिए।

## एसपी ने किया सदर थाना का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने अनुसंधान अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक केस और शिकायत का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन गुरुवार को सदर थाना के निरीक्षण के बाद निर्देश दे रहे थे। उन्होंने थाना परिसर, रिकॉर्ड में दर्ज अभियोगों व शिकायतों, मालखाना तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और थाने में तैनात अनुसंधान अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित मामलों व शिकायतों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय नागरिकों से भी भेंट की और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। इस पर स्थानीय निवासियों ने थाना क्षेत्र में नशे पर लगाम लगाने, सुरक्षा के लिए विशेष गश्त निगरानी और छोटे मोटे विवादों के तुरंत निपटान करने के बारे कहा। इस पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें विश्वास दिलाया कि पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा व सहयोग के लिए तत्पर है।

■ एसपी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## इलेक्ट्रिकल स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

**हिसार।** जिंदल टावर पार्क के पास गुरुवार की सुबह हुए एक दर्दनाक हादसे में एक 14 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मृतक जिले में तैनात एक एचसीएस अधिकारी का भतीजा था।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7 बजे सेक्टर 14 निवासी 14 वर्षीय एक किशोर सेक्टर 14 के ही अपने साथी के साथ अपनी इलेक्ट्रिकल स्कूटी पर सवार होकर जिंदल टावर के पास से गुजर रहा था। बताया जाता है कि जिंदल टावर के पास अनियंत्रित होने से स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों उन्हें तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया।

## जलभराव प्रभावित गांवों के किसानों के लिए 15 तक खुला ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

■ अभी तक इस पोर्टल पर 56 हजार 405 किसानों ने कराया 3 लाख 47 हजार 796 एकड़ भूमि में फसल नुकसान का पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में हुई भारी बरसात व ड्रेन टूटने के कारण हुए जलभराव से प्रभावित गांवों के किसानों को फसल खराबा दर्ज करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 सितंबर, 2025 तक खोला गया है।

अभी तक इस पोर्टल पर जिले के विभिन्न गावों के 56 हजार 405 किसानों द्वारा लगभग 3 लाख 47 हजार 796 एकड़ भूमि में फसल नुकसान का पंजीकरण किया जा चुका है।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रभावित गांवों के किसान जल्द से जल्द पोर्टल पर अपनी फसल खराबे की जानकारी अपलोड करें ताकि राजस्व विभाग द्वारा उसके आकलन की प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिला राजस्व अधिकारियों द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्राप्त दावों का विशेष गिरदावरी के रूप में सत्यापन किया जाएगा और आकलन के आधार पर निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा जारी किया जाएगा।

### नुकसान का करेंगे आंकलन

प्रभावित किसान द्वारा दावा दर्ज करने के बाद, संबंधित राजस्व अधिकारी/कर्मचारी जैसे पटवारी, कानूनगो, सर्कल राजस्व अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी, उप मंडल अधिकारी (नागरिक) व उपायुक्त नुकसान का आकलन करेंगे। इसके उपरांत प्रभावित किसानों के खातों में मुआवजा राशि डाली जाएगी।

## सांपला से मोगा के लिए चला तेल टैंकर, रास्ते में हो गया तेल चोरी

**नारनौंद।** बास थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल ऑयल चोरी का मामला सामने आया है। पता चला है कि चोरों ने तेल टैंकर से कई जगहों पर तेल निकाला। मामला पुलिस तक पहुंच गया है, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांपला स्थित जेवीजी ऑयल एंड केमिकल कंपनी का टैंकर 8 सितंबर की रात 8:38 बजे मोगा के लिए रवाना हुआ था। टैंकर में 12 हजार 547 लीटर इंडस्ट्रियल ऑयल भरा था। टैंकर पर दिल्ली के बादली निवासी रामकुमार चालक के रूप में काम करता है। कंपनी प्रबंधक नितिन ने बताया कि टैंकर में लगे जीपीएस ट्रैकर की आखिरी लोकेशन रात 11:58 बजे गांव रोशनखेड़ा में मिली। इसके बाद टैंकर को निकाल दिया गया। अगली सुबह ड्राइवर ने कंपनी मैनेजर को सूचित किया कि गाड़ी जींद-पटियाला चौक पर खड़ी है।

# प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी के खिलाफ सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

■ बुजुर्गों से बदसलूकी किए जाने का विरोध जताया, समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आम आदमी पार्टी ने प्राइवेट बस संचालकों द्वारा की जा रही मनमानी, बुजुर्गों से पूरा किराया वसूलने एवं यात्रियों के साथ बदसलूकी किए जाने के विरोध में पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी के नेतृत्व में सिटी मैजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में पार्टी के हिसार लोकसभा प्रभारी रामनाथ धुवारिया, पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा, सरपंच जितेन्द्र, सरपंच देवेन्द्र लाम्बा, राजकुमार, सुभाष, संजीव, जगदीश आदि शामिल रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि प्राइवेट बस संचालकों द्वारा आम जनता, विशेषकर छात्रों, बुजुर्गों, किसानों व मजदूर वर्ग के साथ लगातार मनमानी की जा रही है। छात्रों, बुजुर्गों एवं पास धारकों को रियायती/मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से मना किया जाता है। बुजुर्ग यात्रियों से भी पूरा किराया वसूला जा रहा है जबकि उन्हें सरकार की ओर से विशेष छूट एवं सम्मान मिलना चाहिए। कई बार प्राइवेट बस चालक एवं परिचालक यात्रियों से बदसलूकी करते हैं, जिससे महिलाएं और बुजुर्ग भयभीत रहते हैं। निर्धारित किराये से अधिक वसूली करना आम बात हो चुकी है। इस स्थिति से गरीब मजदूर वर्ग, छात्र एवं बुजुर्ग वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।



हिसार। सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी व अन्य नेतागण।




बरवाला। प्रदर्शन करते नगरपालिका बरवाला के सफाई कर्मचारी

# नगरपालिका बरवाला के सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

नगरपालिका बरवाला के सफाई कर्मचारियों ने सरकार की वायदाखिलाफी को लेकर प्रदर्शन किया। गुस्साए कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके रोष प्रकट किया और कहा कि सरकार ने जितनी बार भी मांगों को मंजूर किया उन मांगो को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। प्रदर्शन प्रधान सुनील लोट और वरिष्ठ उपप्रधान विक्की कुमार के नेतृत्व में किया गया।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर सचिव राहुल, उपप्रधान मुकेश कुमार, सहसचिव रामहेर, सुखविंदर, राजेश, संजय, सोनू, सुनीता, गुड्डी, सीतो, गीता व अति आदि मौजूद रहे।*

## हकृवि की उन्नत सरसों की किस्में अब मध्यप्रदेश के किसानों की बढ़ाएगी पैदावार: प्रो. काम्बोज

# हकृवि ने माई किसान एग्रो नीमच, मध्यप्रदेश के साथ किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई उन्नत किस्मों का बीज किसानों तक पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ समझौते किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने सरसों की उन्नत किस्में आरएच-1975 व आरएच-725 का बीज मध्यप्रदेश के किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए माई किसान एग्रो (एमकेडी सीड्स) नीमच, मध्यप्रदेश के साथ समझौता किया है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा लगातार विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में विकसित की जा रही हैं। वैज्ञानिकों द्वारा ईजाद की गई उन्नत किस्में देशभर में अपना परचम लहरा रही हैं। किसानों को विश्वसनीय किस्मों का बीज एवं तकनीक उपलब्ध करवा कर प्रदेश एवं देश के खाद्य उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।

### इस कम्पनी से हुआ समझौता



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ कंपनी के अधिकारी।

विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई सरसों की उन्नत किस्में आरएच 1975 और आरएच 725 का माई किसान एग्रो (एमकेडी सीड्स) के साथ समझौता हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की और से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने तथा कम्पनी की तरफ से जसवंत सिंह चौधरी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विनोद मलिक, डॉ. रामअवतार, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. रेणू मुंजाल व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।

### इन किस्मों की विशेषताएं

सरसों की आरएच 1975 किस्म 11 से 12 किवंटल प्रति एकड़ औसत उत्पादन तथा 14 से 15 किवंटल प्रति एकड़ उत्पादन क्षमता रखने वाली किस्म है। इस किस्म में तेल कि मात्रा लगभग 39.5 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि पैदावार और तेल की मात्रा अधिक होने के कारण यह किस्म अन्य किस्मों की अपेक्षा किसानों में अधिक लोकप्रिय है। आरएच 1975 किस्म हरियाणा सहित पंजाब, दिल्ली, जम्मू व उत्तरी राजस्थान के सिंचित क्षेत्रों में बीजाई के लिए चिन्हित की गई है, इसलिए इन राज्यों के किसानों को इस किस्म का लाभ मिलेगा। सरसों की आरएच-725 किस्म की फलियां अन्य किस्मों की तुलना में लंबी व उनमें दानों की संख्या भी अधिक होती है। साथ ही दानों का आकार भी बड़ा होता है और तेल की मात्रा भी ज्यादा होती है। यह किसानों में सबसे अधिक प्रचलित व लोकप्रिय किस्म है जो कि हरियाणा के अलावा पंजाब, दिल्ली, जम्मू, उत्तर प्रदेश, राजस्थान व मध्य प्रदेश में 20 से 25 प्रतिशत क्षेत्र में अकेली उगाई जाने वाली किस्म है।



हमारी हिंदी
मोनिका शर्मा

भाषा राष्ट्र का गौरव होती है, यह लोगों को आपस में जोड़ती है, देश को मजबूत बनाने में सहायक होती है। हमारी हिंदी भाषा, देश क्या, विदेशों में भी पढ़ी और बोली जाती है, इसका सम्मान है। हर भारतीय को हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करके इसका मान-सम्मान बढ़ाकर इसके विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

# हिंदी अपनी भाषा से करो प्यार

बच्चो, हिंदी केवल एक भाषा भर नहीं है। इससे हमारे देश का मान भी जुड़ा है। साथ ही हम सब नागरिकों का सम्मान भी हमारी इस भाषा से ही जुड़ा है। असल में हिंदी हमारे देश की आधिकारिक भाषा है। हिंदी भाषा को 14 सितंबर 1949 को आधिकारिक भाषा बनाया गया। इस दिन हमारे देश की सरकार ने हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। देश के नागरिकों ने भी अपनी प्यारी भाषा को दिल में जगह दी, मन से मान दिया। इसीलिए इस दिन को हम हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं।

## हिंदी है हमारी पहचान

दुनिया भर में हिंदी भाषा हमारी पहचान है। दुख की बात है कि फिर भी स्कूल हो या घर, हम सब हिंदी बोलने से दूरी बना रहे हैं। बच्चो, अपनी भाषा का मान-सम्मान करने का सबसे प्यारा तरीका है, हम हिंदी भाषा से जुड़े रहें। इसीलिए गर्व से हिंदी बोलो। मन से हिंदी पढ़ो। अपनी प्यारी हिंदी का दिल से सम्मान करो। बच्चो, हिंदी बहुत प्यारी और मीठी भाषा है। दुनिया की एक प्रमुख भाषा होने के बावजूद हिंदी को कमतर आंकने की सोच भी दिखती है। हिंदी बोलने वालों को पिछड़ा समझा जाता है। अपनी भाषा में बोलने, पढ़ने या कुछ कहने-सुनने में हमें कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। किसी भी दूसरी भाषा को सीखना-बोलना बुरा नहीं, लेकिन अपनी भाषा की अहमियत कभी नहीं भूलनी चाहिए। अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि हिंदी ना सीखी जाए। हिंदी को अंग्रेजी के मुकाबले कमतर समझा जाए। दुख की बात है, हमारी प्यारी भाषा हिंदी को लेकर यह सोच हमारे आस-पास दिखती है। इसी कारण बोल-चाल से हिंदी गायब हो रही है। बच्चो, तुम अपनी भाषा से जुड़े रहने के रास्ते पर चलो।

## कमाल की भाषा हिंदी

बच्चो, 'अ आ इ ई' से हुई हिंदी पढ़ने की शुरुआत तो तुम्हें जरूर याद होगी। हिंदी के वर्णों की तालिका को वर्णमाला कहते हैं। एक-एक अक्षर को जोड़ बनी भाषा की इस प्यारी सी लड़ी को अक्षरों की माला भी कहा जाता है। हिंदी के अक्षर, मात्रा, शब्द और वाक्य सब कुछ कमाल के हैं। हमारी भाषा पूरी तरह से एक वैज्ञानिक भाषा है। इसे चमत्कार ही तो कहेंगे कि हिंदी का कोई भी अक्षर उलटे लिखे जाने पर भी हमें उलझन में नहीं डालता। शीशे में भी किसी भी अक्षर का उल्टा रिफ्लेक्शन नहीं दिखता।

### टेक्निकल वर्ल्ड में बोलबाला

आजकल टेक्निकल वर्ल्ड में भी हिंदी का बोलबाला है। बहुत से मोबाइल एप हिंदी में काम करते हैं। एआई भी हिंदी भाषा में हमारे सवालों का जवाब देता है। इंटरनेट पर हिंदी भाषा में भी सब कुछ सर्च किया जा सकता है। ज्यादातर डिजिटल सिस्टम हिंदी बोलने, पढ़ने, लिखने, समझने वालों के हिसाब से बनाए जा रहे हैं। साथ ही हमारे देश के हर हिस्से में हिंदी जानने वाले लोग रहते हैं। 77 प्रतिशत देशवासी हिंदी पढ़-लिख बोल और समझ लेते हैं। ऐसे में कभी देश के दूसरे प्रदेश में जाने पर हिंदी भाषा में बोलना हो हमें एक-दूसरे से जोड़कर रखता है। अपनेपन का एहसास करवाता है।



तुमने अपने या अपने दोस्तों के घर में कई तरह की बोलियां भी सुनी होंगी। दादा-दादी, नाना-नानी अपनी बोली में खूब बोलते हैं।



## हिंदी की हैं कई बोलियां

बच्चो, हिंदी की कई बोलियां भी हैं। अवधी, ब्रज, बुंदेलखंडी, भोजपुरी और राजस्थानी आदि बोलियां, इस सूची में शामिल हैं। तुम्हें लग रहा होगा कि इन बोलियों को तो बिल्कुल अलग ही तरह से बोला जाता है। असल में इन सभी को लिखने की लिपि एक ही है। इतना ही नहीं हिंदी जानने वाला व्यक्ति नेपाली भाषा को भी आसानी से पढ़ सकता है। बच्चो, हमारी प्यारी हिंदी ने अंग्रेजी, फारसी और अरबी जैसी भाषाओं से कुछ शब्द भी दिल खोलकर अपनाए हैं। इन भाषाओं के कई शब्दों को हिंदी में भी बोलते हैं। इतना ही नहीं डिक्शनरी ऑक्सफोर्ड में भी हिंदी के शब्द शामिल किए जा चुके हैं। इनमें योग, कर्म, खाकी, चड्ढी, पायजामा, मंत्र, अन्ना, अच्छा, बापू, बड़ा दिन, सूर्य नमस्कार, नमस्ते, जुगाड़, गुरु, चटनी और स्वदेशी जैसे सैकड़ों शब्द भी शामिल हैं।



## हर ओर छाई हिंदी

प्यारे बच्चो, शब्दों की सहज मिठास और दिल को छू लेने वाले अंदाज के लिए जानी जाने वाली हमारी हिंदी भाषा समय के साथ दुनिया भर में अपनी जगह बना रही है। हिंदी में पढ़ना-लिखना या हिंदी बोलना सिर्फ हमारे देश तक ही सीमित नहीं है। भारत के अलावा, थाईलैंड, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, भूटान, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव में हिंदी अच्छे से बोली जाती है। साल 2024 तक के आंकड़े कहते हैं कि ग्लोबल लेवल पर 135 करोड़ लोग हिंदी बोलते-समझते हैं। दुनिया के 150 देशों में हिंदी बोली जाती है। विश्व स्तर पर लोग हिंदी को जानने-समझने में रुचि ले रहे हैं। दुनिया भर में 176 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है। अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के बाद हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हम दुनिया के किसी भी हिस्से में जाएं, कोई ना कोई हिंदी भाषी इंसान मिल जाता है। बच्चो, है ना यह गर्व करने की बात! *

### यूं जुड़ो हिंदी से

बच्चो, सबसे पहले तो हिंदी बोलने-पढ़ने को कोई नीची बात या कमजोरी नहीं समझो। अपनी भाषा को सम्मान देना सबसे प्यारी बात है। हिंदी को अच्छे से जानने-समझने के लिए दैनिक जीवन में हिंदी बोलो। हिंदी में लिखी किताबें पढ़ो। तुम्हारी पसंद के बहुत से कार्टून फिल्म प्रोग्राम्स अब हिंदी में भी आते हैं। इनको भी देखो। स्कूल के समारोह में हिंदी में कविता पढ़ सकते हो। अपनी डायरी, कहानी या कविता भी हिंदी में लिखना शुरू करो। जैसे अंग्रेजी का कोई शब्द समझ ना आने पर टीचर्स या घर के बड़ों से पूछते हो, हिंदी के शब्दों के अर्थ जानने में भी रुचि लो। जो दोस्त हिंदी बोलते हैं उनका मजाक कभी ना बनाओ। अपने दोस्तों के साथ हिंदी में बात करो। अपनी भाषा से एक भावनात्मक जुड़ाव बनाओ। वैसे भी अपनी भाषा में दिल की भावनाओं को जताने से सुंदर क्या हो सकता है। बच्चो, यह समझना भी जरूरी है कि हिंदी भाषा से जुड़ना तुम्हें अपनी संस्कृति से भी जोड़ता है। अंग्रेजी ना बोल पाने वाले अपने बड़े-बुजुर्गों के करीब लाता है। हमारी सुंदर, सरल और मीठी सी भाषा हिंदी को सीखने समझने के बहुत से फायदे हैं।

कविता / सूर्य कुमार पांडेय

## हिंदी दिवस मनाएं हम




हिंदी को अपनाएं हम,
हिंदी पढ़ें, पढ़ाएं हम।
बोलें और बतियाएं हम,
हिंदी दिवस मनाएं हम।

हिंदी की जयकार सुनें,
सात समंदर पार सुनें।
इसकी बोली-बानी में,
भारत की ललकार सुनें।
हिंदी जिन्हें नहीं आती,

उनको इसे सिखाएं हम।
हिंदी पढ़ें, पढ़ाएं हम।

हम करते सबसे विनती,
हिंदी की सीखें गिनती,
रटें पहाड़े हिंदी में,
कभी नहीं होगी गलती।
कितनी मीठी भाषा है,
इसके गाने गाएं हम।
हिंदी को अपनाएं हम।

कविता / फहीम अहमद

## प्यारी बोली हिंदी



इतनी मीठी भाषा हिंदी,
जैसे दूध-बताशा हिंदी।
आशा नई जगाती मन में
करती दूर निराशा हिंदी।

संस्कृति की रंगोली हिंदी,
है सबकी हमजोली हिंदी।
करते शब्द ठिठोली हर पल,
इतनी प्यारी बोली हिंदी।

सीधी, सरल, सुसंगत हिंदी,
हर महफिल की रंगत हिंदी।

बड़ी सुकोमल, पावन जैसे
चंदन, रोली, अक्षत हिंदी।

गीत, कहानी, कविता हिंदी,
है बहती सुर सरिता हिंदी।
है यह स्वाभिमान देश का,
गौरव और अस्मिता हिंदी।

गंगा-जमुनी धारा हिंदी,
जोड़ रही जग सारा हिंदी।
भाषाओं के अंबर पर ज्यों
चमक रहा ध्रुवतारा हिंदी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## सीख देती कहानियां

बच्चो, तुम सबको अच्छा बनने की सीख तो मम्मी-पापा, भैया-दीदी, दादा-दादी, टीचर और अड़ोस-पड़ोस के अंकल-आंटी देते ही रहते हैं। लेकिन जब ऐसी कोई सीख किसी कहानी के जरिए रोचक ढंग से मिलती है तो वो बात ज्यादा अच्छे से समझ आती है, है न! ऐसे ही रोचक ढंग से सीख देने वाली कुछ कहानियों की किताब 'पकड़ी गई चालाकी' हाल में छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। शीर्षक कहानी 'पकड़ी गई चालाकी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह शौर्य, चालाकी से लूडो खेल जीत लेता है लेकिन फिर जब दादाजी उसे उसकी गलती का एहसास कराते हैं तो वह शर्मिंदगी महसूस करने लगता है।




'खूबसूरती का राज' कहानी में अवनि को उसकी बुआ समझाती हैं कि वास्तव में कोई इंसान कब खूबसूरत दिखता है? ज्यादातर बच्चे, मम्मी या पापा का स्मार्टफोन मिलने पर उसमें गेम्स खेलने लगते हैं। लेकिन फोन किस तरह पढ़ाई में मददगार हो सकता है, इसे तुम अथर्व की कहानी 'स्मार्टफोन की महिमा' में पढ़ सकते हो। अगर मन में दृढ़ विश्वास हो तो शारीरिक अक्षमता भी मनचाही जीत पाने में बाधा नहीं बनती, यह सीख देती है 'जीत का उपहार' कहानी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *

**किताब:** पकड़ी गई चालाकी, **लेखिका:** आरती 'आस्था'
**मूल्य:** 149 रुपए, **प्रकाशक:** सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**अध्यापक** : 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोनित** : जैसे ही मैंने नल में मुंह लगाकर नल खोला, मेरे मुंह में पानी आ गया।
-शिखा, बिलासपुर

**अध्यापक** : 'दांत खट्टे करना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**सोनू** : मैंने मोनू को नीबू का अचार खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-नव्या, रायपुर

## जीके क्विज-170

1. हाल ही में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में कौन-सा स्थान हासिल किया?
2. कुछ समय पूर्व ही देश की नई महालेखा नियंत्रक (सीजीई) कौन बनी हैं?
3. भारत के नए उपराष्ट्रपति कौन बने हैं?
4. हिंदी को देश की राजभाषा का दर्जा कब दिया गया था?
5. भारत में कितनी भाषाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है?
6. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7. बल का मात्रक क्या होता है?
8. गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
9. ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
10. प्रसिद्ध उपन्यास 'राग दरबारी' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-170 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-169 का उत्तर :** 1.चिकिथा तानीपार्थी, 2.रमेन डेका, 3.ज्ञानेश कुमार, 4.जी. शंकर कुरुप, 5.एंटवर्प (बेल्जियम), 6.लॉर्ड कैनिंग, 7. नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 8.विक्रम 3201, 9.विटामिन डी, 10.शुक्र

**जीके क्विज-169 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, अंकिता-रायपुर, रोहित-रोहतक, कमल-महासमुंद, विकास-बालोद, हर्ष-राजनांदगांव, सुमन-भोपाल, आर्यन-बलौदा बाजार, सुशील-महेंद्रगढ़, साकेत-दुर्ग



कहानी
विमला नागला

सौम्या को जब रिजल्ट मिला तो हिंदी को छोड़ कर सभी विषयों में उसे ए ग्रेड मिला था। इस बात से वह बहुत दुखी हुई। सौम्या ने क्या गलती की थी कि उसे हिंदी में ए ग्रेड नहीं मिला, यह कमी जानते हुए उसकी दादी ने बड़ी चतुराई से उसे एक ऐसा उपाय बताया, जो बड़ा चमत्कारी निकला। जल्द ही सौम्या की हिंदी में बहुत अच्छा सुधार हो गया।

## करामाती कलम



आज सौम्या को स्कूल में रिजल्ट कार्ड मिला था। वह पांचवीं कक्षा में पढ़ती है। सौम्या बहुत दुखी थी। सभी विषयों में उसको ए प्लस ग्रेड मिला था, लेकिन हिंदी में बी ग्रेड था। उसे समझ में नहीं आ रहा था, ऐसा क्यों हुआ? सौम्या घर आकर रोने लगी। मम्मी ने जब उसके रोने का कारण जाना तो उन्होंने समझाया, 'बेटा, परीक्षा में हिंदी की छोटी-सी गलती के भी नंबर कटते हैं। इस समृद्ध भाषा में एक बिंदी की भी चूक से शब्द का अर्थ बदल जाता है। शायद तुमने भी इसी तरह की गलती की होगी।'

तभी सौम्या की दादीजी और पापा भी आ गए। सौम्या के रोने का कारण जब उन्होंने पूछा तो मम्मी ने बताया। वह यह भी बोलीं, 'मुझे लगता है, इसके हिंदी लेखन में वर्तनी की अशुद्धियों के कारण ही सही उत्तर लिखने पर भी इसको इतने कम अंक मिले हैं।'

'ओह! यह अशुद्ध वर्तनी वाली बात तो ठीक वैसी ही है, जैसे स्वादिष्ट भोजन के बीच अचानक से कंकड़ का आ जाना। काश! इसके प्रति सौम्या पहले से ही सचेत होती, पर कोई बात नहीं, देर आए दुरुस्त आए।' वहां बैठी दादीजी बोलीं।

मम्मी ने स्कूल में सौम्या के टीचर से फोन पर बात की। उन्होंने भी हिंदी में अधिक अशुद्धियों को ही कम अंक मिलने का कारण बताया। सौम्या अनमनी-सी चुपचाप दूसरे कमरे में चली गई।

दादी जी ने रात को सोते समय प्यार से सौम्या के सिर पर हाथ फेरते हुए पूछा, 'सौम्या, क्या आज तू मुझसे कहानी नहीं सुनेगी?' 'जी नहीं!' बहुत धीमे स्वर में सौम्या बोली।

दादी बोलीं, 'ठीक है सौम्या! तू कहानी भले ही मत सुन, पर यह देख!' 'क्या है यह?' सौम्या ने पूछा।

'सौम्या! यह देख, मेरे पास मेरी मां की दी हुई एक करामाती कलम है। इस कलम के बारे में मैंने आज तक किसी को नहीं बताया। पर आज तेरी यह हालत मुझसे देखी नहीं जा रही, इसीलिए...।' 'क्या..? आपके पास ऐसी करामाती कलम थी तो आप पहले देतीं न...।' सौम्या झट से बोली। 'कोई बात नहीं बेटा, जीवन में अभी तो ऐसी बहुत सी परीक्षाएं आएंगी। यह कोई साधारण कलम नहीं है। इसकी एक अद्भुत विशेषता यह है कि जिस प्रकार हमारे शरीर को चलाने के लिए प्रतिदिन भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक इसी प्रकार इस कलम को भी रोजाना कागज चखने की खुराक चाहिए। यह जितनी खुराक लेगी, उतना ही इसका चमत्कार बढ़ेगा।'

'वो कैसे?' सौम्या को आश्चर्य हुआ।

'कलम को हाथ में लेते ही नियमित रूप से इसका उपयोग करना होगा। इसके रुकते ही इसका जादू खत्म समझो।' दादी बोलीं।

'वाह! यह इतनी करिश्माई कलम है, तो भला फिर रोज काम लेने में कौन-सी परेशानी है!' हाथ नचाती हुई सौम्या बोली। दादी जी वह सुंदर सुनहरी कलम सौम्या के हाथों में देती हुई बोलीं, 'लो बेटा! तुम अब इसे नियमपूर्वक काम में लेना। चलो, हम सबसे पहले इसके जादू की परख के लिए आज से ही नहीं, अभी से ही हिंदी में एक पेज सुलेख लिखकर करते हैं।'

'जी!' सौम्या ने खुशी-खुशी हामी भरी।

शुरुआत में सौम्या ने बहुत लापरवाही के साथ जल्दी-जल्दी लेखन कार्य किया। जब वह इसे दिखाने दादी के पास गई तो दादी जी ने कलम को कान में लगाकर कुछ सुना और उदास स्वर में बोलीं, 'सौम्या, यह कलम कह रही है कि मैं इस लड़की के पास हरगिज नहीं रहूंगी, क्योंकि इसकी गंदी, घसीटमार लिखावट के साथ लिखी ढेर सारी अशुद्धियों से मैं बुरी तरह घबरा गई हूं।'

यह सुनते ही सौम्या का मुंह उतर गया। वह आंखों में आंसू लिए कलम को निहारने लगी। तभी दादी ने फिर से कलम को अपने कान के पास ले जाने का उपक्रम किया और बोलीं, 'सुनो सौम्या! अब यह कह रही है कि चलो छोड़ो, यह सौम्या की पहली गलती है, इसीलिए मैं उसे माफ कर देती हूं, लेकिन आगे से इसे मेरे उपयोग में पूरी सावधानी बरतनी होगी।'

यह सुनकर सौम्या खुशी से झूम उठी। अब तो वह प्रतिदिन एक-एक शब्द शुद्ध और जमा-जमा कर लिखती, इस डर से कि कहीं कलम रूठ न जाए। बस फिर क्या! कहते हैं न, 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान!'

सतत अभ्यास से सौम्या की अशुद्धियां एक दिन लगभग समाप्त ही हो गईं। अन्य विषयों में पढ़ाई में वह ठीक थी ही। अपने शुद्ध हिंदी लेखन के प्रयास से उसने अगली परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह खुशी से नाच उठी और दादी को धन्यवाद देते हुए बोली, 'दादी जी, यह सब तो आपकी करामाती कलम की ही करामात है।'

दादी जी उसे दुलारते हुए बोलीं, 'बेटा! यह कलम की करामात नहीं, तेरी मेहनत का फल है। सच कहूं तो यह कोई करामाती कलम नहीं है। इसे तो तुम्हारे पापा से ही मंगवाया था। लेकिन अब यह सचमुच ही तुम्हारी मेहनत और लगन से साधारण से करामाती बन गई। बेटा! जीवन में सफलता का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता। हमें सफल होने के लिए जीवन में खूब मेहनत करनी ही पड़ती है।'

दादी की बात सुनते हुए, सौम्या सहमति के साथ मुस्करा रही थी। *

शब्द ज्ञान / शिवानी छाया

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

बच्चो, हिंदी में कई सारे शब्द ऐसे हैं, जो अपने-आप में अनेक शब्दों या वाक्यांश का अर्थ समाहित किए हुए हैं। जब हम हिंदी में अनेक शब्दों के बदले प्रयुक्त होने वाले ऐसे एक शब्द का प्रयोग बोलने या लिखने में करते हैं तो हमारी भाषा या हमारा लेखन संक्षिप्त और प्रभावशाली हो जाता है। अनेक शब्दों के बदले प्रयुक्त होने वाले एक शब्द के कुछ उदाहरण बच्चो तुम यहां देख सकते हो-

जिसका कभी अंत न हो : अनंत
जिसको क्षमा न किया जा सके : अक्षम्य
जिसके समान कोई दूसरा न हो : अद्वितीय
कम बोलने वाला : मितभाषी
जिसकी कोई आशा न हो : अप्रत्याशित
अनुचित बात के लिए आग्रह : दुराग्रह
आलोचना करने वाला : आलोचक
अनुकरण करने योग्य : अनुकरणीय
परिवार के साथ : सपरिवार
ऊपर कहा हुआ : उपर्युक्त
नीचे लिखा हुआ : निम्नलिखित
स्मरण करने योग्य : स्मरणीय
दर्शन करने योग्य : दर्शनीय
जो सबको प्रिय हो : सर्वप्रिय
किए गए उपकार को मानने वाला : कृतज्ञ
जो कम पैसे खर्च करता हो : मितव्ययी

अनेक शब्दों के बदले एक शब्द के ऐसे अनेक उदाहरण तुम्हें हिंदी व्याकरण और भाषा की किताबों में मिल जाएंगे। तुम अपने स्कूल में हिंदी के अध्यापक या घर के बड़ों से भी इस तरह के और भी शब्दों के बारे में पूछ सकते हो, जान सकते हो। तुम इन शब्दों को जानो-समझो, इनके प्रयोग करना सीखो और अपने हिंदी ज्ञान को और भी समृद्ध बनाओ। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में अध्यापिका जी बच्चों को हिंदी पढ़ा रही हैं। देखने में तो ये दोनों ही चित्र एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.टीचर जी का चश्मा गायब है। 2.पीछे बाईं तरफ बैठी लड़की के पीछे ब्लैक-बोर्ड रखा हुआ है। 3.बाईं तरफ बीच में रखे ब्लॉक में से 'ह' अक्षर गायब है। 4.ट्वॉय-ट्रेन के पास रखी हिंदी वर्णमाला की किताब गायब है। 5.आगे की तरफ बॉक्स में हिंदी वर्णमाला के ब्लॉक्स रखे हुए हैं। 6.आगे की तरफ बैठी लड़की के टी-शर्ट का रंग अलग है। 7.दाहिनी तरफ सबसे ऊपर रखा 'क' अक्षर वाला ब्लॉक गायब है। 8.दीवार पर लगी पेंटिंग में चिड़िया की बजाय फूल दिख रहे हैं।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां हिंदी की क्लास का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र के कलर्ड कट-आउट्स भी साइड में दिए गए हैं। तुम इन कलर्ड कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र को रंगीन बनाओ।




उत्तर : A-1, B-8, C-7, D-5, E-3, F-6, G-2, H-4, I-9

## खबर संक्षेप



### सेवा देवी सर्वसम्मति से बनी जोन डायरेक्टर

**हिसार।** दि हिसार सहकारी विपणन समिति लि., हिसार के निदेशक मंडल के चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता दलबीर धीरणवास की धर्मपत्नी सेवा देवी सर्वसम्मति से जोन 6 की डायरेक्टर चुनी गई हैं। भाजपा नेता दलबीर धीरणवास ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी सेवा देवी ने तीन सितंबर को जोन नंबर 6 से नामांकन भरा था। यह जोन महिला के लिए आरक्षित था। उन्होंने बताया कि जोन से किसी अन्य ने नामांकन नहीं भरा। 9 सितंबर को नामांकन वापसी का अंतिम दिन था।

### श्रीमद्भागवत कथा 14 से पंजाबी भवन में

**हिसार।** सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन में 14 सितंबर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी हनुमान प्रसाद सिंगल व संजय सातरोड़िया ने बताया कि सात दिवसीय कथा में कथावाचक राजेन्द्र महाराज श्रद्धालुओं को धर्मलाभ देंगे। कथा का समय प्रतिदिन सायं 3 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा।

### डीएसपी ने पुलिस कर्मचारियों की बैठक ली

**हांसी।** डीएसपी विनोद शंकर ने गुरुवार को पुलिस जिला हांसी के हॉट-स्पॉट कर्मचारियों की मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान डीएसपी विनोद शंकर ने सभी कर्मचारियों को क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बढ़ाने तथा जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने के निर्देश दिए।

### नौवां संत समागम 21 को अग्रसेन भवन में

**हिसार।** बाबा जोध सचियार सेवा समिति से जुड़े भ्याणा एवं सेवक परिवारों की ओर से 21 सितम्बर को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर बाद 2:30 बजे तक अग्रसेन भवन में नौवां महान संत समागम एंव सत्संग समारोह आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व प्रातः 9:15 बजे सुखमणि साहिब का पाठ किया जाएगा। संत समागम एवं कीर्तन दरबार के साथ-साथ अटूट लंगर भी चलाया जाएगा।

### सभा दो को नई सब्जी मंडी में मनाएगी दशहरा

**हिसार।** श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक के प्रधान सुरेश कक्कड़ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष 2 अक्टूबर को 77वां दशहरा महोत्सव मिल रोड़ स्थित नई सब्जी मंडी के प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। सायं 5 बजे आयोजित होने वाले दशहरा महोत्सव में रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के विशाल पुतले जलाये जाएंगे। रामलीला सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने बताया कि दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में 21 सितम्बर को सायं 5 बजे मुलतानी चौक पार्क में रामलीला का झण्डा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

# गांवों और खेतों में जलभराव एडीसी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

मात्रश्याम के ग्रामीणों ने गांव में पीने के पानी को उपलब्ध करवाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने वीरवार को जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिले में समाधान शिविर के माध्यम से सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से हल किया जा रहा है। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव मात्रश्याम के ग्रामीणों ने गांव में पीने के पानी को उपलब्ध करवाने की मांग रखी, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव मिंगनी खेड़ा, मात्रश्याम व न्योली कलां के ग्रामीणों की सीवरेज का पानी ओवरफलो होने के कारण खेतों व गांव में भरे पानी को लेकर अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी गई। समाधान शिविर में तरुण कपूर द्वारा अर्बन एस्टेट-2 क्षेत्र में जल निकासी की समस्या रखी गई, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने संबंधित विभाग को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

#### गली पक्की करवाने के दिए निर्देश

आजाद नगर निवासी भतेरी की बिजली पोल हटवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली निगम के अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं गांव ठसका निवासी सुमन द्वारा गली पक्की करवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला विकास पंचायत अधिकारी को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक ने जलभराव से प्रभावित दर्जनों गांवों का किया दौरा

# जलभराव से प्रभावित हर ग्राम पंचायत को 50 लाख रुपये जारी करे सरकार

सरकारी प्रयासों पर जताया असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। गांवों में जलभराव की स्थिति का अवलोकन करते विधायक चंद्रप्रकाश।

विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर व नलवा हलके एवं हिसार शहर के आसपास के दर्जनों गांवों का दौरा करके जलभराव की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने आर्यनगर, हिंदवान, रावलवास खुर्द, पनिहार, सरसाना, खारिया, टोकस, पातन, किरतान व मात्रश्याम सहित बहुत से गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। चंद्रप्रकाश ने कहा कि आदमपुर व नलवा विधानसभा क्षेत्र के बहुत से गांवों में हजारों एकड़ खेती भारी बारिश व जलभराव की भेंट चढ़ चुकी है। बहुत से गांवों में पानी भरने के कारण मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और लोगों को अपने घर छोड़कर दूसरी जगह शरण लेनी पड़ रही है।

#### जलभराव से गांवों की हालत खराब

चंद्रप्रकाश ने कहा कि ऐसी विकट स्थिति में सरकार को जलभराव से प्रभावित गांवों को राहत के लिए ग्राम पंचायत को 50 लाख रुपये प्रदान करने चाहिए। इसके साथ ही किसानों को भी प्रति एकड़ एक लाख रुपये मुआवजा तुरंत प्रभाव से जारी करना चाहिए। विधायक ने बताया कि कोहली, खैरमपुर, सीसवाल, सारंगपुर, खासा महाजन, चुली कलां, चुली बांगडियान, चुली खुर्द व दड़ौली सहित बहुत से गांवों की हालत जलभराव के कारण बहुत खराब है। इसलिए ग्रामवासियों के लिए राहत कार्य युद्ध स्तर पर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग ने जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं किए। अब समस्या के विकराल रूप धारण करने के बाद भी सिंचाई विभाग निष्क्रिय है।

### सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए हिसार विधायक सावित्री जिंदल के आवास पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी नारेबाजी करते हुए विधायक आवास तक पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने सफाई, सीवर, फायर, वाटर सप्लाई, एमई ब्रांच, सिविल वर्क, मैन पावर व डोर टू डोर के ठेकों को समाप्त कर पक्के कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग की। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग उठाई। यहां कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों के संबंध में पूर्व मंत्री एवं हिसार विधायक सावित्री जिंदल के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।


**हिसार।** प्रदर्शन करते नगर निगम के सफाई कर्मचारी।

### गुजवि में रिक्त सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग 15 को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न शैक्षणिक कोर्सों में रिक्त सीटों पर दाखिले के विद्यार्थियों को एक और मौका दिया है। विश्वविद्यालय में रिक्त सीटों में दाखिले के लिए 15 सितम्बर को फिजिकल काउंसलिंग होगी। इन सीटों पर दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी सीधे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने संबंधित कोर्सों में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में पहले से आवेदन दाखिल किया हुआ है। उन्हें नया आवेदन दाखिल करने वाले आवेदक की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

### फतेहचंद कॉलेज की छात्राओं को कानून के प्रति किया जागरूक



**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ इकाई की ओर से 'नई दिशा, नई उड़ान' जागरूकता अभियान के अन्तर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने अतिथियों विधिवत स्वागत अभिनन्दन किया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता एलएसी रीतू राजपूत ने छात्राओं को बाल श्रम कानून, पोस्को कानून, किशोर कानून अधिनियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके हनन होने पर बचाव के लिए उपायों के बारे में बताया। पीवीए गीता जांगड़ा ने भी पोस्को एक्ट तथा दिए गए हेल्पलाइन नम्बर के बारे में बताकर जागरूकता अभियान को दिशा प्रदान की। इस मौके पर प्रभारी डॉ. पीयूषा शर्मा ने प्राचार्या तथा वक्ताओं को आभार जताया।

राजकीय कॉलेज नलवा में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस अभियान

# एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय महाविद्यालय, नलवा में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय को एचआईवी की रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा युवाओं की भूमिका के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

प्राचार्या डॉ. कमलेश दूहन द्वारा 3 सितम्बर को शपथ ग्रहण समारोह से इस अभियान की शुरुआत की गई थी।

डॉ दुहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने और एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। रेड रिबन समिति की संयोजिका डॉ. कविता, समिति सदस्य सुप्रिया पूनिया, डॉ. सोनू और सीमा की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे एच.आई.वी./एड्स जागरूकता फैलाने और भेदभाव-मुक्त समाज बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।


**हिसार।** छात्रों को एचआईवी के प्रति जागरूकता बारे शपथ दिलाते प्राचार्या डॉ कमलेश दूहन व अन्य प्राध्यापक । फोटो : हरिभूमि

#### समाज में दें जागरूकता का सशक्त संदेश

अंत में प्राचार्या डॉ. दूहन ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे न केवल कॉलेज परिसर में बल्कि आसपास के समाज में भी एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश पहुंचाएं ताकि इस गंभीर बीमारी को रोका जा सके ।

### विश्वकर्मा जयंती समारोह के लिए सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने की बैठक



**हिसार।** विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितंबर को रोहतक की नई अनाज मंडी में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को लेकर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने गुरुवार को यहां विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक कर समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की तथा सभी को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रोहतक की नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाला यह समारोह ऐतिहासिक और विशाल होगा। इस अवसर पर प्रदेशभर से हजारों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग एकत्रित होंगे और समाज की एकजुटता का परिचय देंगे। इस अवसर पर हिसार मेयर प्रवीण पोपली, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, भाजपा नेता संजीव गंगवा, खुशीराम जांगड़ा, रणधीर सिंह धीरू, उदय सिंह जांगड़ा, दयानंद मांडन, अजयकांत जांगड़ा, पिंकी शर्मा, अमिलाल जांगड़ा, महावीर धामू, अमिलाल फौजी, पार्षद सुरेश जांगड़ा, अरुण सुथार, हरिकृष्ण मांडन, योगेश जांगड़ा, सुखबीर जांगड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत की पहल

# आवर्स हॉस्पिटल ने गांव राजली में लगाया मुफ्त चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव राजली में बाढ़ से प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से आवर्स हॉस्पिटल ने एक सराहनीय पहल की है। अस्पताल द्वारा आसपास के बाढ़ग्रस्त गांवों में मुफ्त चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला शुरू की गई है, जिसमें दवाइयां और इलाज पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

पहला शिविर राजली गांव में आयोजित किया गया, जहां अस्पताल की टीम ने गली-गली में भरे पानी को पार करते हुए पीड़ितों तक पहुंच बनाई। शिविर में भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और उन्हें आवश्यक दवाइयां तथा प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यह पहल केवल एक शुरुआत है- आने वाले दिनों में अन्य प्रभावित गांवों में भी ऐसे शिविर लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके।


**हिसार।** शिविर में ग्रामीणों का उपचार करती आवर्स अस्पताल में टीम।

#### संकट के समय बनें सहारा

शिविर के दौरान अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संगीत ने कहा कि हमारा यह कदम केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। जब लोग संकट में होते हैं, तब हमें आगे आकर उनका सहारा बनना चाहिए।

### अवैध कॉलोनियों बारे दोगली नीति छोड़कर ठोस नीति बनाए सरकार


वर्तमान में इस संबंध में दोगली नीति चल रही

दलबीर किरमारा।

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने राज्य सरकार एवं प्रशासन से मांग की है कि अवैध कॉलोनियों बारे कोई स्पष्ट नीति बनाई जाए। उनका कहना है कि वर्तमान में इस संबंध में दोगली नीति चल रही है, जिसका खामियाजा आम गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है और प्रभावशाली लोग व कॉलोनाइजर वारे न्यारे कर रहे हैं। दलबीर किरमारा ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को तोड़ने व लोगों को बेघर करने से पहले यह स्पष्ट तौर पर पता लगाया जाना चाहिए कि कॉलोनी किसकी है और यह अवैध है तो पनपी कैसे। वास्तविकता यह है कि कोई प्रभावशाली व्यक्ति या नेता कॉलोनी काटता है और अपने कुछ लोगों की मार्फत वहां के प्लॉट उंचे दाम पर बेचता है। जब तक उस कॉलोनी के सारे या आधे से ज्यादा प्लॉट नहीं बिकते, तब तक तो ये पता भी नहीं लगने दिया जाता कि कॉलोनी काटी किसने है, मालिक कौन है और सोसायटी किसकी है। जैसे ही आधे से ज्यादा प्लॉट बिके तो मालिक लाखों, करोड़ों कमाकर रफूचक्कर हो जाता है और फिर शुरू होती है प्रशासन की कार्रवाई जिसके तहत कहा जाता है कि ये कॉलोनी अवैध है, और किसी ने मकान बना लिए हैं तो वे तोड़े जाएंगे।

### नगर आयुक्त ने शहर स्वच्छता अभियान को लेकर यूएलबी की समीक्षा बैठक ली

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में गुरुवार को हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिला नगर आयुक्त नीरज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निगम से जुड़े अधिकारियों, अभियंताओं और विशेषज्ञों के साथ-साथ जिले की विभिन्न नगर परिषदों और नगरपालिकाओं के प्रतिनिधियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करना और आगे की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन अमित कौशिक, जयबीर डूडी, स्वच्छता विशेषज्ञ बनवारी लाल सहित नगर परिषद हांसी, उकलाना, बरवाला व नारनौंद के ईओ, सचिव, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

#### कचरा फैलाने वालों पर रोक लगाने के निर्देश

खुले में कचरा न फेंकने, कचरे का सेग्रीगेशन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोका जाने पर सख्ती से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में यह तय किया गया कि सभी यूएलबी एक वार्ड को चिन्हित करें, जहां व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी यूएलबी 12 सितंबर तक अपनी योजनाएं बनाकर, चिन्हित वार्ड की जानकारी, भागीदार संस्थाओं की सूची और कार्य योजना की विस्तृत रिपोर्ट जिला कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**अभियान** गवर्नमेंट कॉलेज में स्वच्छता अभियान को लेकर निगमायुक्त ने किया छात्रों और स्टाफ को जागरूक

स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा

# 'हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान' कॉलेज के छात्र स्वच्छता के बनेंगे प्रहरी : निगमायुक्त


**हिसार।** विद्यार्थियों को संबोधित करते निगमायुक्त नीरज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- छात्रों और स्टाफ को कचरा प्रबंधन के बारे में दी जानकारी

"हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान" के तहत नगर निगम के निगमायुक्त नीरज और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने गुरुवार को गुरु गोरखनाथ गवर्नमेंट कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के ऑडिटोरियम में छात्रों और स्टाफ को कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कचरा प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें 'स्वच्छता वॉलंटियर' के रूप में तैयार करना था, ताकि स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। निगमायुक्त और अतिरिक्त आयुक्त ने विद्यार्थियों को विस्तार से बताया कि किस प्रकार से कचरा उत्पन्न होता है, उसका एकत्रीकरण कैसे किया जाता है, और फिर उसे किस प्रक्रिया के माध्यम से वैज्ञानिक ढंग से निष्पादित किया जाता है।

#### खुले में कचरा फेंकने से रोकने की अपील

निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम के द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। उसके बावजूद भी शहरवासी खुले में कचरा डाल देते है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे न केवल स्वयं इस आदत से बचें, बल्कि अपने परिवार, पड़ोस और दोस्तों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छात्रों से यह भी आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में "स्वच्छता प्रहरी" बनें और ऐसे लोगों को जागरूक करे जो खुले में कचरा फेंकते हैं। निगमायुक्त ने कहा कि हम चाहते हैं कि आप सभी छात्र स्वच्छता अभियान के वॉलंटियर बनें। निगमायुक्त नीरज ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग करने से होने वाले नुकसान के बारे भी जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में सिमरन रही प्रथम

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में पोस्टर बनाने व स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम, आंचल द्वितीय व निशु तृतीय स्थान पर रही। अमित बेनीवाल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में नीशू ने प्रथम, सोनी ने द्वितीय व सारिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर उर्मिला मलिक ने सभी प्रतिभागियों वी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी व बनाए गए पोस्टरों व स्लोगन की सराहना की।

### दिव्यांग छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 15

**हिसार।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक तथा टॉप क्लॉस छात्रवृति योजनाएं चलाई जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया एनएसपी पोर्टल पर शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है।

### पंजाबी धर्मशाला में ध्यान शिविर कल से

**हिसार।** ध्यान सत्संग सभा के तत्वाधान में पंजाबी धर्मशाला, राजगुरु मार्किट में 13 से 15 सितम्बर तक ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रधान सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि शिविर के तीनों दिन सहज ईश्वरीय ध्यान के वरिष्ठतम प्राचार्य डॉ. शम्भूनाथ के सान्निध्य में प्रातःकाल 9 बजे से 11 बजे, 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक, सायंकाल 3 बजे से 5 बजे तक व 5:30 बजे से 7:30 बजे तक चलेगा।

### मुआवजे को लेकर डीसी कार्यालय का घेराव 15 को

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा, सीटू व खेत मजदूरों द्वारा मुआवजे की मांग को लेकर 15 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर किसान सभा के हिसार तहसील पदाधिकारियों ने प्रधान रमेश मिरकां के नेतृत्व में वीरवार को बाढ़ प्रभावित गांव मिरकां, गूंजार, दाहिमा, भोजराज, मंगाली, देवा, मुकलान, सिंघरान, कालवास व चिड़ौद में जनसंपर्क अभियान चलाया।

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर में बृहस्पतिवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दो समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान गांव सिसाय निवासी सिद्वारा तथा निर्मल नामक दो महिलाओं ने विधवा पेंशन बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। इस पर एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कागजातों का निरीक्षण करने और पात्र महिलाओं की पेंशन शीघ्र प्रभाव से शुरू करवाने के निर्देश दिए। शिविर में तहसीलदार अनिल कुमार बिढान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य पर समारोह का आयोजन

# स्वामी विवेकानंद के विचार हमें दिखाते समाधान का मार्ग

*स्वामी विवेकानंद के जीवन पर डाला प्रकाश, वैश्विक स्तर पर मजबूत बनने का किया आह्वान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि धर्म, सम्प्रदाय और परम्पराएं चाहे कितनी भी भिन्न हों, सभी का लक्ष्य मानवता और सत्य की खोज है। आज जब दुनिया अनेक संकटों, धार्मिक विद्वेष और प्रतिस्पर्धा से जूझ रही है, ऐसे में हमें स्वामी विवेकानंद जी के विचार हमें समाधान का मार्ग दिखाते हैं।

**हम सभी का लक्ष्य मानवता और सत्य की खोज है**

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान एवं विवेकानंद केन्द्र, हरियाणा के सौजन्य से विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

11 सितम्बर 1893 को स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में गुजवि के कुलसचिव डा. विजय कुमार, विवेकानंद केन्द्र हरियाणा के अध्यक्ष दशरथ चौहान, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी जगदीप भार्गव, शिक्षाविद् डा. अशोक बतरा, संस्थान के अध्यक्ष प्रो. किशना राम बिश्नोई तथा विवेकानंद केंद्र, भिवानी के निदेशक लाल बहादुर शास्त्री भी मंच पर उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

#### तकनीक में और तेजी से आगे बढ़ना होगा

मुख्य वक्ता डा. अशोक बत्रा ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़े अधिकतर रोचक व दुर्लभ पहलुओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हमें वैश्विक स्तर पर मजबूत बनना है, तो तकनीक में और तेजी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की तरह हमें प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि से अहंकारी नहीं होना है, बल्कि देश को विकास के पथ पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य करना है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विश्व धर्म सम्मेलन में जाने से संबंधित चुनौतियों के बारे में भी बताया।

#### प्रिंस ने सुनाया स्वामी विवेकानंद का भाषण

आयोजन में विद्यार्थी प्रिंस ने शिकागो में दिए गए स्वामी विवेकानंद जी के भाषण को अत्यंत शानदार व भावपूर्ण तरीके से पूरा सुनाया।

धन्यवाद सम्बोधन प्रो. किशना राम बिश्नोई ने दिया। कार्यक्रम के संयोजक डा. बिजेन्द्र पाल सैनी ने अपने स्वागत सम्बोधन में अतिथिगण का परिचय कराया। कार्यक्रम के सह-संयोजक डा. देवेन्द्र ने विवेकानंद केन्द्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।



हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते डॉ. वंदना बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

### भारतीय युवाओं की बहुमुखी प्रतिभा वैश्विक स्तर पर बना चुकी अपनी पहचान : डॉ. बिश्नोई

- गुजवि के वाणिज्य विभाग द्वारा की ओर से 'कॉमफेस्ट' आयोजित
- आरती व पलक की आर्ट एंड क्राफ्ट को पहला स्थान

*हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई ने कहा है कि वर्तमान युवा केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि नवाचार और सामाजिक दृष्टिकोण से भी भविष्य के लीडर बनने की क्षमता रखते हैं। युवाओं की इसी नेतृत्व क्षमता के दम पर भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार कर लेगा। भारतीय युवाओं की बहुमुखी प्रतिभा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। प्रो. वंदना बिश्नोई विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित 'कॉमफेस्ट' के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं। विभाग के वाणिज्य क्लब के बैनर तले हुए इस आयोजन में विद्यार्थियों ने प्रबंधन व कौशल कला का जबरदस्त प्रदर्शन किया।*



हिसार। सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते ईश आर्य, अशोक मित्तल एवं सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी प्रवक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

## सीएम से मिला पतंजलि योग समिति का प्रतिनिधिमंडल

- समिति पदाधिकारियों की सेवा पखवाड़े व जनकल्याण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

योग, यज्ञ, स्वदेशी एवं आयुर्वेद को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने को लेकर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरियाणा एवं पतंजलि योग समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में उनके निवासी संत कबीर कुटीर में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश प्रभारी ईश आर्य, प्रदेश महामंत्री अशोक मित्तल एवं प्रवक्ता सुरेंद्र पानू हिन्दुस्तानी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े, बाढ़ राहत, जनकल्याण अभ्यास स्वच्छता व पौधारोपण, योग युक्त नशा मुक्त प्रदेश तथा स्वदेशी जैसे विषयों पर सीएम के साथ सार्थक चर्चा हुई।

#### जीवन में योग को अपनाएं

प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि मुख्यमंत्री को पतंजलि योगपीठ सम्मान अंगवस्त्र से अभिनंदन के साथ यह भेंट उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ पूरे समाज को यह प्रेरणा देना है कि यदि हम अपने जीवन में योग, यज्ञ, स्वदेशी और आयुर्वेद को जीवन मे अपनाएं, तो हम न केवल योग युक्त, रोगमुक्त और स्वस्थ रहेंगे बल्कि सांस्कृतिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

### सीआईए ने एक को दबोचा, 268 ग्राम अफीम बरामद

**बरवाला।** सीआईए टीम ने गांव ढाड-गुराना रोड से एक व्यक्ति को काबू करके 268 ग्राम अफीम बरामद की है। एएसआई सुरेंद्र कुमार के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि गांव ढांड-गुराना रोड पर एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके से आरोपी को काबू किया, जिसकी पहचान ढाड निवासी प्रेमसिंह के रूप में हुई।

## 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली होंगे मुख्य वक्ता

**मेयर ने 14 सितंबर को 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम के लिए व्यापारियों को किया आमंत्रित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए जीएसटी के ऐतिहासिक फैसले को लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने पहुंचे। इस दौरान पार्षद मोहित सिंघल, पूर्व पार्षद अनिल जैन, मनोज आदि मौजूद रहे। इस दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी के जनहितकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए 14 सितंबर को अग्रसेन भवन में एक विशेष कार्यक्रम 'धन्यवाद मोदी जी' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। जिसके लिए सभी पार्षदों को इस कार्यक्रम के आयोजन करने के लिए दायित्व सौंपे गए है।



हिसार। व्यापारियों को कार्यक्रम का न्योता देते मेयर प्रवीण पोपली।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** अनाज मंडी चौकी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करके चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों की पहचान बड़वा निवासी साहिल उर्फ गोलिया व नलोई निवासी राजीव कुमार के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी एएसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी साहिल उर्फ गोलिया ने 4 सितंबर को गुप्ता डेंटल अस्पताल के सामने से मोटरसाइकिल चोरी की थी, जिसे उसने तीन हजार रुपये में दूसरे आरोपी राजीव कुमार को बेच दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। मामले के अनुसार 4 सितंबर को पड़ाव चौक निवासी रोहित ने गुप्ता डेंटल अस्पताल के सामने से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत अनाज मंडी चौकी में दी थी।

## विद्यार्थियों को किया साइबर क्राइम व नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक

*साइबर ठग रोजाना अपना रहे नए पैंतरे*

- छात्रों को ट्रैफिक नियमों की भी जानकारी दी व उन्हें पालन करने का भी किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज ने गुरुवार शहीद भगत सिंह स्कूल हांसी व एएसआई राजेश कुमार ने उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणामों व ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। महिला थाना प्रबन्धक इंस्पेक्टर सरोज ने शहीद भगत सिंह स्कूल हांसी व नशा मुक्ति टीम प्रभारी एएसआई राजेश कुमार ने उपासना सीनियर सैकेंडरी स्कूल नारनौंद के विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि साइबर ठगों द्वारा ठगी का नया पैंतरा सामने आया है। साइबर ठग कुछ रकम आपके खाते में भेजते हैं। मैसेज आने के व्यक्ति तुरंत अपना बैलेंस चैक करने के लिए अपना यूपीआई अकाउंट खोलता है। पैसे के साथ उस ठग द्वारा पैसे ट्रांसफर की रिक्वेस्ट भी भेज रखी होगी। बैलेंस चैक करने के लिए जैसे ही व्यक्ति अपना पिन डालता है। पिन डालते ही पैमेंट रिक्वेस्ट अपने आप स्वीकृत हो जाएगी और उसके खाते से पेमेंट हो जाएगी। इस स्कैम से बचने के लिए खाते में अनजान नंबर से पेमेंट आने पर कम से कम आधे घंटे तक बैलेंस चैक न करें या बैलेंस चैक करने के लिए पहली बार गलत पिन डालें।



हांसी। शहीद भगत सिंह स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करती महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरोज *फोटो: हरिभूमि*

## न्यू श्याम विहार में सीवरेज जाम होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कैमरी रोड़ स्थित न्यू आनंद विहार हनुमान मूर्ति वाली गली व न्यू श्याम विहार गली नंबर 1 व 2 में सीवरेज जाम की समस्या से क्षेत्र में रहने वाले लोग अत्याधिक परेशान हैं। पिछले कई दिनों से सड़क पर गंदा पानी जमा है, जिस कारण बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। क्षेत्र वासियों गजेन्द्र सिंह, सुधीर, नरेश, विक्रम, अजय, राजवीर आदि ने बताया कि गली के आसपास के सभी सीवरेज बंद हैं जिस कारण सडक़ों पर गंदा पानी लगतार फैल रहा है। आने -जाने वाले लोगों का गलियों से गुजरना मुश्किल हो गया है। मलेरिया व डेंगू होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। क्षेत्र वासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग से उनकी समस्या का समाधान करने की मांग की है।

**सड़क पर जमा गंदगी से फैल रही बिमारियां**



हिसार। न्यू श्याम विहार गली नम्बर एक में जमा सीवरेज का गंदा पानी।

## पेड़ जीवन का आधार: डॉ. विक्रमजीत

- दयानंद कॉलेज की एनसीसी आर्मी विंग कैडेट्स ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दयानंद कॉलेज की एनसीसी आर्मी विंग (गर्ल्स) कैडेट्स 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन के निर्देशानुसार सामाजिक-जागरूकता कार्यक्रम के तहत पौधरोपण अभियान का आयोजन किया।

कॉलेज परिसर में चलाए गए इस अभियान के तहत कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने स्वयं भी पौधे लगाकर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया।





हिसार। पौधरोपण करते कैडेट्स व स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### पौधों की देखभाल करने का किया आह्वान

अपने संबोधन में डॉ. विक्रमजीत ने कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं और विद्यार्थियों को केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। इसके बाद, एनसीसी आर्मी विंग (जी) की सीटीओ डॉ. मंजू शर्मा ने कैडेट्स के सक्रिय योगदान की सराहना की। एनसीसी की प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की सभी गर्ल्स कैडेट्स ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और उन्होंने आस-पास की जगहो पर भी पौधारोपण किया।



## नगर निगम ने 56 बेसहारा पशुओं को पकड़ भेजा गौ-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी है। नगर निगम द्वारा गुरुवार को 56 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया। इस अभियान के नोडल ऑफिसर ऑफिस सहायक सुरेन्द्र वर्मा को लगाया गया है। एएसआई संदीप ने बताया कि निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने के अभियान की शुरूआत काठ मंडी से की गई। इसके बाद न्यू ऋषि नगर, मोहना मंडी, सेक्टर 14 पार्ट 2, मेला ग्राउंड, शिव नगर, नलका चौक, राजीव नगर के आस-पास के क्षेत्र से 56 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण ढंढूर भेजा गया।

### लोक अदालत के लिए विभिन्न न्यायाधीशों की अध्यक्षता में 7 बेंच गठित: सीजेएम

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु विभिन्न न्यायाधीशों की अध्यक्षता में 7 बेंच गठित की गई हैं। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुलिका, प्रधान जिला न्यायाधीश (फैमिली कोर्ट) पूनम सूनेजा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुराधा, जेएमआईसी हर्षा शर्मा तथा आयुष की अध्यक्षता में बेंच गठित की गई है। इसी प्रकार हांसी के लिए जेएमआईसी तरुण चौधरी की अध्यक्षता में भी बेंच का गठन किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य महामृत्युंजय यंत्र के नीचे बैठकर करेंगे अपने अनुभव व ज्ञान का आदान-प्रदान**

## श्री सिद्ध महामृत्युंजय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र में होगा देश-विदेश के प्रसिद्ध ज्योतिषविदों का अनूठा संगम

*ज्योतिष विद्या को लेकर विचारों का आदान-प्रदान होगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री सिद्ध महामृत्युंजय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र एवं मिरल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ज्योतिष वास्तु एवं ऑकल साइंस का एक सम्मेलन होगा जिसमें देश-विदेश के जाने-माने ज्योतिषाचार्य, वास्तुकार, रेकी मास्टर और संत महात्मा भाग लेंगे। इस सम्मेलन को लेकर मिरल फाउंडेशन की संस्थापक मीता जानी ने जिले के माइयड़ स्थित संस्थान में आकर स्वामी सहजानंद सरस्वती से भेंट की। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन को लेकर सहजानंद सरस्वती से विस्तार से चर्चा की। श्री सिद्ध महामृत्युंजय संस्थान की चेयरमैन सतगुरु मां ऊषा, स्वामी सहजानंद सरस्वती व मीता जानी इस सम्मेलन के आयोजन में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तिथि जल्द ही निर्धारित की जाएगी।



हिसार। सम्मेलन बारे बैठक में महामृत्युंजय संस्थान की चेयरमैन सतगुरु मां ऊषा, स्वामी सहजानंद सरस्वती व मिरल फाउंडेशन की संस्थापक मीता जानी।

#### ज्योतिष भारत की एक महान विद्या

चेयरमैन सतगुरु मां ऊषा ने कहा कि ज्योतिष भारत की एक महान विद्या है और इसका प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए देश-विदेश के महान ज्योतिषाचार्यों को एक मंच पर लाने के लिए इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा।

#### रहस्यमय आध्यात्मिक विद्याओं के प्रति विज्ञान की रुचि बढ़ी

स्वामी सहजानंद ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े महामृत्युंजय यंत्र में इस ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन अपने आप में एक विशिष्ट बात है। हमारी प्राचीन विद्या और विधा किस तरह से मानव जीवन के मूल्यों को ऊपर उठा सकती है और वर्तमान परिवेश में पाखंड को कैसे दूर कर सकती है। इस पर विख्यात ज्योतिषाचार्य अपने विचार रखेंगे।

#### सम्मेलन में ये करेंगे शिरकत

मिरल फाउंडेशन की संस्थापक मीता जानी ने बताया कि इस सम्मेलन में विख्यात ज्योतिषाचार्य अनिल वत्स, अजय भांभी, जीडी वशिष्ठ, जयप्रकाश लाल धागे वाले, अहमदाबाद से महेंद्र पंड्या, नीता सुथार, विक्रम वैद्य सहित अनेक नामी ज्योतिषाचार्य शिरकत करेंगे।